हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-191, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र


# बीएमसी में भाजपा गठबंधन की लहर

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति के लिए आज बेहद महत्वपूर्ण दिन है। राज्य में हुए 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव के नतीजे शुक्रवार को सामने आ रहे हैं। सुबह 10 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई है। इस चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव में भाजपा-शिवसेना ने विपक्षियों पर बढ़त बनाकर रखी है। ठाकरे बंधु रेस में पीछे चल रहे हैं।

मुंबई नगर निगम चुनाव में अब तक छह उम्मीदवारों को विजेता घोषित किया गया है। शिवसेना ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है, जिसमें रेखा यादव ने वॉर्ड नंबर 1 से जीत हासिल की और वह नगर निगम में जीतने वाली पहली उत्तर भारतीय महिला उम्मीदवार बनीं। वहीं वॉर्ड नंबर 51 से वर्षा तांबवलकर और वॉर्ड नंबर 163 से शैला लांडे विजयी रहीं। मुंबई में भाजपा ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है। वॉर्ड नंबर 2 से तेजस्विनी घोसालकर और वॉर्ड नंबर 214 से



अजित पाटिल ने जीत दर्ज की। घोसालकर को 16,484 वोट मिले। वहीं दूसरे नंबर पर शिवसेना (यूबीटी) की धनश्री विलास कोलगे को 5,729 वोट मिले।

छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में मतगणना के दौरान एक घटना हुई है। इस बारे में पुलिस कमिश्नर प्रवीण पवार ने कहा कि मामले की पूरी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों, पुलिस और शिवसेना नेताओं के बयान को ध्यान में रखते हुए जांच की जाएगी और फिर कार्रवाई की जाएगी। सब कुछ गंभीरता से देखा जाएगा।

छत्रपति संभाजी नगर में मतगणना के दिन महाराष्ट्र मंत्री संजय शिरसाट ने आरोप लगाया कि जब उनके कार्यकर्ता मतदान केंद्र में जा रहे थे, तब लगभग 100 पुलिसकर्मियों ने उन पर लाठीचार्ज किया और कई घायल हुए। मंत्री ने कहा कि पुलिस अपनी ताकत अपराधियों पर दिखाए, न कि कार्यकताओं पर। शिरसाट ने कगहा कि यह शक्ति का दुरुपयोग है। हम इसके खिलाफ एमएलसी दर्ज कराएंगे।

## रेस में पीछे छूट रहे ठाकरे ब्रदर्स



### राज ठाकरे ने भी उठाए सवाल

इस दौरान महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने भी चुनाव आयोग पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुंबई के चुनाव में वोट देने के बाद अधिकारियों द्वारा लगाए जाने वाले स्याही पेन से अंगुली पर लगने वाला निशान आसानी से सैनिटाइजर से मिटाया जा सकता है। उन्होंने यह बात 227 वार्ड वाले बीएमसी चुनाव में मतदान के बाद प्रेस से कही। हालांकि, राज्य चुनाव आयोग ने राज ठाकरे के आरोप को खारिज कर दिया।

# बदायूं में बवाल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**बदायूं** जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी को रोकने का प्रयास किया था और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। दूसरे समुदाय के लोगों की शिकायत के बाद शुक्रवार सुबह पांच बजे इस्लामनगर थाने की पुलिस गांव ब्योर पहुंची। इस बीच लोग प्रभात फेरी निकालने पर अड़ गए। लोगों के गुस्से को देखकर बिल्सी, उघैती पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पीएसी बटालियन भी बुला ली गई।



देखते ही देखते एसडीएम बिसौली राशि कृष्णा, सीओ बिल्सी मौके पर पहुंच गए। करीब आठ बजे पुलिस ने भक्तों पर लाठी चार्ज कर दिया। जिसके बाद भगदड़ मच गई।

# चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा पति-पत्नी समेत चार की मौत, मासूम घायल

**चित्तौड़गढ़।** जिले में उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के नरधारी गांव के पास गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में पति-पत्नी सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक आठ वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार उदयपुर से चित्तौड़गढ़ की ओर आ रही एक कार नरधारी गांव के पास अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने के प्रयास में असंतुलित हो गई। कार डिवाइडर कूदते हुए दूसरी लेन में चली गई, जहां सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। भदेसर पुलिस उप अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि रात करीब दो बजे हादसे की सूचना भादसोड़ा थाने पर मिली। सूचना पर थानाधिकारी महेंद्र सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। कार में चार से पांच लोग सवार थे, जिन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ भिजवाया गया। इनमें से कुछ की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**ये हैं मृतकों के नाम**

हादसे में चित्तौड़गढ़ के प्रतापनगर स्थित सिंधी कॉलोनी निवासी रिंकेश नानवानी (46) पुत्र राजकुमार नानवानी, उनकी पत्नी सुहानी नानवानी (44), रजनी नानवानी (60) पत्नी मनोज नानवानी तथा इंदौर निवासी रिश्तेदार हीरानंद (74) की मौत हो गई।




# अमेरिका ने दी ईरान को चेतावनी

## 'हत्याएं जारी रहीं तो होंगे गंभीर परिणाम, खुले हैं सभी विकल्प'



**तेहरान।** ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान पहले अमेरिकी सरकार एक्टिव नजर आई लेकिन समय बीतने के साथ ट्रंप प्रशासन धमकियों तक ही सीमित रहा है। धमकियों का सिलसिला जारी है और इसी क्रम में अमेरिका ने एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ईरान में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है। एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के लिए सभी विकल्प खुले हैं।

कैरोलिन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति और उनकी टीम ने ईरानी शासन को बता दिया है कि अगर हत्याएं जारी रहीं, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। राष्ट्रपति को पता चला है कि 800 फांसी की सजा को रोक दिया गया है। राष्ट्रपति और उनकी टीम इस स्थिति पर करीब से नजर रख रही है, और राष्ट्रपति के लिए विकल्प खुले हैं।

**ईरान पर भड़के अमेरिकी सीनेटर**

इस बीच, अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने आरोप लगाया कि अयातुल्ला के शासन के हाथों पर अमेरिकी खून लगा है और वो सड़कों पर लोगों का कत्लेआम कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट का जिक्र करते हुए, अमेरिकी सीनेटर ने कहा, सभी हेडलाइन जो यह कह रही हैं कि हमारे तथाकथित अरब सहयोगियों ने राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से की जाने वाली निर्णायक सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए ईरान की ओर से हस्तक्षेप किया है, वो बहुत परेशान करने वाली हैं। ग्राहम ने कहा, अगर यह सच है कि निर्दोष लोगों के इस मौजूदा भयानक नरसंहार को देखते हुए अरबों की प्रतिक्रिया यह है कि 'ईरान के खिलाफ कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है' तो मुझे अब भविष्य में गठबंधन की प्रकृति के बारे में फिर से सोचना होगा।

**चौंकाने वाली है मरने वालों की संख्या**

ताजा घटनाक्रम ईरान में बढ़ती महंगाई को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच आया है। ईरान में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और फोन लाइनें बंद हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले हस्तक्षेप करने की धमकी दी थी, लेकिन बाद में कहा कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद हो गई हैं और वह सैन्य कार्रवाई के बारे में देखेंगे और तय करेंगे। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों के परिणामस्वरूप मरने वालों की संख्या 3,000 से कम से लेकर 12,000 से अधिक होने का अनुमान है।

## दुनिया खतरनाक मोड़ पर

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस के सेंट अलेक्जेंडर हॉल में नए विदेशी राजदूतों के प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के समारोह में कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति तेजी से बिगड़ रही है और दुनिया बहुत अधिक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। पुतिन का यह संदेश वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और ईरान को लगातार दी जा रही ट्रंप की धमकी के बाद आया है। हालांकि उन्होंने अमेरिका या ट्रंप का नाम नहीं लिया। मगर संकेतों में टारगेट पर यही दोनों रहे। पुतिन ने कहा कि कई देशों की संप्रभुता पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है। पुतिन का यह बयान वेनेजुएला पर हाल ही में की गई अमेरिका की जबरन कार्रवाई और ईरान में किए जा रहे अवैध हस्तक्षेप से जुड़ा है। पुतिन ने आरोप लगाया कि दर्जनों देश अपनी संप्रभुता पर उल्लंघन, अराजकता और कानूनहीनता का सामना कर रहे हैं। पुतिन ने अपने भाषण में कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। इस पर कोई बहस नहीं हो सकती। लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष तेज हो रहे हैं और नए गंभीर संघर्ष क्षेत्र उभर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि कई देशों को उनकी संप्रभुता पर अतिक्रमण का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वैश्विक सहयोग की क्षमता प्रभावित हो रही है।



# मचाडो ने ट्रंप से की मुलाकात, सौंप दिया अपना नोबेल शांति पुरस्कार



**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मचाडो ने कहा कि उन्होंने ट्रंप से मुलाकात के दौरान अपना नोबेल शांति पुरस्कार उन्हें सौंप दिया। मचाडो ने बताया कि उन्होंने गुरुवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान उन्हें अपना नोबेल शांति पुरस्कार पदक सौंप दिया। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाए जाने के बाद ट्रंप द्वारा बार-बार उनके देश की बागडोर संभालने की योग्यता पर सवाल उठाने के बावजूद, हमारी स्वतंत्रता के प्रति ट्रंप की अनूठी प्रतिबद्धता की सराहना की। मचाडो ने इस मुलाकात के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी, और व्हाइट हाउस ने भी यह नहीं बताया कि ट्रंप ने पदक स्वीकार किया या नहीं।

मचाडो ने पत्रकारों से कहा, मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार पदक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा हमारी स्वतंत्रता के प्रति उनकी अद्वितीय प्रतिबद्धता के सम्मान मेंष किया।



# बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों की करतूत, हिंदू शख्स के घर में लगाई आग

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां हिंदुओं को टारगेट कर उनकी हत्या की जा रही है, उनके घरों को जलाया जा रहा है लेकिन अंतिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस बेखबर हैं।

बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू पर हमला हुआ है। घटना सिलहट जिले के गोवाईघाट के नंदिरगांव संघ के बहोर गांव की है। यहां एक हिंदू परिवार के घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों ने हमला किया है। कट्टरपंथियों ने बीरेंद्र कुमार डे के घर पर आग लगा दी। बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों की करतूत का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि आग लगने के बाद पूरे घर में तेजी से फैल जाती है। परिवार के लोग जान बचाने के लिए घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। आग लगने की वजह से घर पूरी तर खाक हो गया। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में ब्रिटेन की सांसद और विदेश, कॉमनवेल्थ और विकास मामलों की शैडो सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, प्रीति पटेल ने बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

# बीवी होटल में मना रही थी रंगरेलियां: पुलिस संग पहुंचा पति

**झांसी।** होटल के कमरे में छिपी प्रेम कहानी का पर्दाफाश हो गया, जब एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथों पकड़ा। बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल में ठहरे जोड़े का पीछा करते हुए, पति ने पुलिस को बुलाया, जिससे कमरे का दरवाजा खुलते ही हंगामा मच गया। पुलिस को देखते ही प्रेमी बेड के नीचे छिप गया, लेकिन घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस ने पति, पत्नी और प्रेमी को थाने ले जाकर मामला सुलझाया।

पति ने झांसी बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल के कमरे में पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। पत्नी का पीछा कर रहे युवक ने पुलिस को बुलाकर कमरे का दरवाजा खुलवाया तो हंगामा मच गया। पुलिस को देख प्रेमी डर के मारे बेड के नीचे छिप गया। घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस पति, पत्नी व प्रेमी को थाने ले गई। पति ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने प्रेमी के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई कर दी है।

सिमराहा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले भेल निवासी एक युवती से हुई थी। शादी के बाद से दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। मामला पुलिस तक पहुंच गया। बाद में राजीनामा होने पर वह पत्नी के साथ सीपरी बाजार में रहने लगा लेकिन वहां भी कलह होने लगा। इस कारण करीब डेढ़ साल से वह पत्नी से अलग रहने लगा।

# डॉ. रमीज के मददगार रडार पर, सरकार गंभीरता से करेगी कार्रवाई

**लखनऊ।** केजीएमयू की महिला रेजिडेंट से यौन शोषण और धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी डॉ. रमीज को शह देने वालों की तलाश भी तेज हो गई है। जांच एजेंसियां डॉ. रमीज के मददगार केजीएमयू के चिकित्सक और कर्मचारियों का पता लगा रही है। केजीएमयू में पैथालॉजी इंचार्ज डॉक्टर वाहिद अली को हटाने के बाद चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।





पुलिस सूत्रों का कहना है कि सीडीआर में आरोपी रमीज के कई लोगों से बातचीत के साक्ष्य मिले हैं। इनमें से अधिकतर केजीएमयू की फैकल्टी में शामिल हैं। पुलिस ने पैथालॉजी विभाग में कार्यरत लोगों के बयान दर्ज किए हैं। आरोपी और पीड़िता के संबंधों के बारे में पूछा गया है। अधिकतर ने इस मामले की जानकारी से इन्कार किया है। जांच एजेंसियों ने रमीज के खातों में रकम ट्रांसफर करने वालों का ब्योरा जुटाया है। रकम भेजने वालों से भी पूछताछ की तैयारी है।

पुलिस यह पता करेगी कि रमीज के खाते में किस मकसद से रकम भेजी गई थी। खास बात यह है कि पीड़िता ने सबसे पहले केजीएमयू में जिन लोगों से शिकायत की थी, उनके बयान भी दर्ज होंगे। पैथालॉजी और सीसीयू विभाग के अफसरों ने शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की, इस पर भी जवाब तलब किया जाएगा। प्रकरण की विवेचना में एसटीएफ को सहयोग के लिए लगाया गया है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ धर्मांतरण के आरोपी छांगुर से रमीज के कनेक्शन की छानबीन करेगी। यह पता लगाया जाएगा कि दोनों की मुलाकात कहां हुई थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
( प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026


# एक्सप्रेस वे पर महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त...मच गई चीखपुकार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं की टेम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टायर फटने के बाद गाड़ी पलट गई। हादसे से चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।



घटना शुक्रवार सुबह पांच बजे की है। अयोध्या से मथुरा जाते समय आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रैवलर टायर फटने से पलट गई। घटना की सूचना पर एनएचएआई और थाना सिरसागंज की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा। इसमें चार को पीजीआई सैफई एवं तीन घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिरसागंज भेजा गया।

घायल यात्री अशोक 55 वर्ष निवासी हादगांव तालुका जिला नादेड ने बताया कि वह छह जनवरी को धार्मिक यात्रा पर निकले थे। गुरुवार को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन कर मथुरा में बांकेबिहारी के दर्शन के लिये जा रहे थे। गाड़ी में सवार पुष्पा और अशोक ने बताया कि अचानक से तेज आवाज हुई और पूरी गाड़ी पलट गई। गाड़ी में रखा हुआ सामान यात्रियों के ऊपर गिर पड़ा। चीखपुकार मच गई। सिरसागंज पुलिस ने अशोक कुमार, पुष्पा देवी और दिलीप को मामूली चोटों के चलते इलाज के लिये सीएचसी सिरसागंज भेज दिया। वहीं दिलीप शाह, विमल बापूराव, सूर्यवंशी, संजूषा, दिलीप सिरोडकर, लीलावाई, प्रतिभा को पीजीई सैफई इलाज के लिए भेज दिया गया है। मौके पर पहुंचे एसपी देहात अनुज चौधरी ने बताया कि गाड़ी का टायर फटने और डिवाइडर से टकराने के कारण हादसा हुआ है। कुछ यात्री घायल हुए हैं। सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनको रवाना कर दिया जाएगा।

# ट्रक की टक्कर से स्कूल वैन पलटी, एक की मौत

## चार बच्चे घायल, इनमें दो की हालत गंभीर

एनएनआई

**मैनपुरी।** मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह स्कूल वैन ट्रक की चपेट में आकर पलट गई। हादसे में चार बच्चे घायल हो गए। दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया। हादसे में चालक की मौत हो गई।





थाना ओछा क्षेत्र के पडरिया चौराहा स्थित बीकेजी एजुकेशनल एकेडमी की स्कूल वैन शुक्रवार सुबह बच्चों को लेने गई था। चालक 24 वर्षीय मोहित निवासी सूरजपुर कुरावली क्षेत्र के गांव विशुनपुरा से छात्रों को लेकर वैन से स्कूल आ रहा था। मैनपुरी कुरावली मार्ग पर ट्रक ने स्कूल वैन को चपेट में ले लिया।

स्कूल वैन पलट गई। बच्चों में चीखपुकार मच गई। लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। घायल बच्चे पांच वर्षीय आशी, सात वर्षीय अर्पित, नौ वर्षीय अमन पुत्र अनिल कुमार निवासी विशुनपुरा, छह वर्षीय प्रशांत पुत्र विपिन निवासी विशुनपुरा को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। गंभीर घायल अमन और आशी को मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर किया गया है। हादसे में वैन चालक ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# मथुरा रेलवे स्टेशन पर दिनदहाड़े पांच साल के बच्चे का अपहरण

**मथुरा** एनएनआई। जंक्शन पर सुबह मां के सामने युवक उसके पांच साल के बेटे का अपहरण कर ले गया। मां स्टेशन पर चीखती चिल्लाती रही मगर स्टेशन पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ के जवान मूकदर्शक बने रहे। कई घंटे बाद बच्चे के परिजन ने जीआरपी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

वृंदावन की रहने वालीं रेशमा पत्नी एजाज बृहस्पतिवार की सुबह करीब 6:50 बजे अपने मायके आगरा शटल से जाने के लिए 3 बच्चों को लेकर मथुरा जंक्शन पर पहुंची थीं। उनके साथ 12 व पांच साल के दो बेटे व तीन साल की बेटी थी। रेशमा टिकट लेने के लिए लाइन में लगी थीं। उन्होंने लाइन में लगे एक युवक को पैसे देकर टिकट लेने को कहा। युवक ने टिकट दे दिया। युवक भी रेशमा के पीछे चलने लगा। वह बच्ची को लेकर पानी लेने गईं। इसी बीच युवक ने रेशमा के छोटे बेटे नुमान (5) को गोद में उठाया और ट्रेन में सवार हो गया।

इसी दरम्यान ट्रेन चल दी। रेशमा को इसी ट्रेन से जाना था, अपने बेटे को नहीं देखकर चीखने चिल्लाने लगीं। ट्रेन में उनके सामने ही बेटे को युवक को अगवा कर ले जा रहा था, लेकिन प्लेटफॉर्म पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ कर्मियों ने ध्यान नहीं दिया। रेशमा ने अपने पति व अन्य परिजन को सूचना दी। इसके बाद रेशमा का पति एजाज और अन्य परिजन जंक्शन पहुंच गए। वह वृंदावन से जीआरपी थाने पहुंचे। तब कहीं जाकर बच्चे के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई। सीओ जीआरपी राजेश दीक्षित ने बताया कि बच्चे का अपहरण करने वाले की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया है। घटना के बारे में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। बच्चे की सकुशल मुक्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# 'मैं आठ दिन में खुद को पुलिस के सुपुर्द करूंगा'

## रामायण और कुरान की सौगंध खाकर ठुकराया साइबर अपराध

**मथुरा** एनएनआई। गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में अपराध के खिलाफ पुलिस और ग्रामीणों की बैठक हुई। साइबर ठगी के खिलाफ ग्रामीण एकजुटता से पुलिस के साथ खड़े नजर आए। अपराध में लिप्त युवाओं को सही राह पर लाने और गांव को साइबर ठगी से मुक्त करने के संकल्प के साथ आयोजित बैठक में मुसलमानों ने पाक कुरान और हिंदुओं ने रामायण की कसम खाकर अपराध छोड़ने का ऐलान किया।

सीओ अनिल कुमार सिंह और थाना प्रभारी भगवत सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ग्रामीणों को साइबर अपराध के कानूनी परिणामों और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। सीओ ने कहा कि साइबर ठगी एक बड़ा अपराध है और इसमें शामिल व्यक्ति न केवल कानून की नजर में अपराधी है, बल्कि अपने गांव और समाज की बदनामी का कारण भी बनता है। जो भी युवक इस अपराध में लिप्त मिलेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे लालच में आकर किसी भी तरह की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक या बैंक खातों के दुरुपयोग से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

थाना प्रभारी भगवत सिंह ने भी अपराधियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस के पास साइबर अपराध से जुड़े पुख्ता सबूत हैं। बैठक के दौरान प्रधान लीली ने सभी ग्रामीणों के दोनों हाथ उठवाकर सामूहिक कसम दिलाई कि गांव में कोई भी व्यक्ति साइबर ठगी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अपराध नहीं छोड़ता है तो उसे पुलिस के सुपुर्द किया जाएगा। इस अवसर पर गांव स्तर पर एक मजबूत कमेटी के गठन की घोषणा भी की गई, जो पुलिस के साथ मिलकर काम करेगी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की इस पहल को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि जब समाज खुद अपराध के खिलाफ खड़ा होता है, तब अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं बचती।

बैठक के दौरान जब थाना प्रभारी भगवत सिंह ने पूछा कि किस वांछित का परिजन बैठक में मौजूद है तो ग्रामीण करीम खान ने अपने भाई फकरु के बारे में जानकारी दी। फकरु को कुरान की कसम का हवाला देते हुए अपराध छोड़ने की बात कहकर पुलिस से फोन पर बात कराई। फकरु ने आठ दिन में कोलकाता से लौटकर खुद को पुलिस के सुपुर्द करने का वादा करते हुए अपराध से कोई संबंध न रखने की बात कही।

# हाथरस में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**हाथरस** एनएनआई। गेट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। बच्ची के पड़ोसी युवक ने उसे अपने घर बुलाकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। यह घटना तब हुई जब बच्ची खेल रही थी। पड़ोस में रहने वाला युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। वहां उसने बच्ची के कपड़े उतारकर रेप का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। बाद में बच्ची ने अपने परिवार को घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिवार के सदस्य आरोपी युवक के घर पहुंचे, उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई भी की। गुरुवार रात पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी युवक शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। वह शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। पीड़ित बच्ची एक स्कूल में एलकेजी की छात्रा है।

# शातिरों ने बैंक में वारदात को लगाई सेंध, पुलिस का सायरन सुन भागे

**चोरी की घटना को अंजाम देने आए दो चोर सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद**

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नए साल में कड़ाके की ठंड और कोहरे का लाभ उठाते हुए शातिर अज्ञात चोरों ने भारतीय स्टेट बैंक की कुबेरपुर शाखा में सेंध लगाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया, लेकिन गश्ती पुलिस की गाड़ी के सायरन की आवाज सुनाई देते ही वह घबराकर भाग गए। बैंक शाखा प्रबंधक ने कोई भी सामान चोरी जाने से इन्कार किया है।

हाइवे पर कुबेरपुर चौराहा के पास श्रीमती विमला देवी इंटर कॉलेज परिसर की किराए की बिल्डिंग में भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा संचालित है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 12 जनवरी की मध्य रात्रि करीब एक से तीन बजे की बीच अज्ञात चोर कालेज की छत पर पीछे से चढ़कर खुली गेलरी की तरफ से जंगला (खिड़की) को लोहे के ब्लैड से काटकर बैंक शाखा के अंदर प्रवेश कर गए। उन्होंने चोरी का प्रयास किया लेकिन इसी दौरान बाहर से गश्ती पुलिस की गाड़ी के सायरन की आवाज सुनाई देने पर वह घबरा गए और फिर बिना कोई सामान के भाग गए। बैंक शाखा के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में दो चोर दिखाई दे रहे हैं। बाहरी कैमरों में कोहरा और अंधकार के कारण कुछ स्पष्ट नहीं दिखाई दे रहा है। बैंक शाखा में चोरों के घुसने की जानकारी सुबह शाखा खोले जाने पर कर्मचारियों को हुई तो सनसनी फैल गई। शाखा प्रबंधक कविता बघेल ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत कराई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने बैंक शाखा में अंदर घुसने के बाद चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वह कोई भी सामान ले जाने में असफल रहे। शाखा से कुछ भी चोरी नहीं हुआ है। वारदात की सूचना दिए जाने पर छलेसर चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई।

> चोरों ने बैंक शाखा में चोरी का असफल प्रयास किया है। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।
> **कपिल कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी छलेसर थाना एत्मादपुर।**



थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में नेशनल रोड सेफ्टी वीक-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता शेषमणि उपाध्याय एवं प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार की उपस्थिति में विश्व राज और एनवायरनमेंट लिमिटेड की सहभागिता रही।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर रिटायर्ड शिक्षक से 20 लाख की साइबर ठगी

एनएनआई

**आगरा।** साइबर ठगों ने रिटायर्ड शिक्षक को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया और उनकी जिंदगी भर की जमा पूंजी हड़प ली। ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के जरिए दबाव बनाया और दो किस्तों में 20 लाख रुपये आरटीजीएस करा लिए।

मामला थाना सैंया क्षेत्र के बिरहरू गांव का है। यहां के रहने वाले रिटायर्ड शिक्षक हरिश्चंद्र अग्रवाल को एक वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उनके आधार कार्ड से लिंक एक खाते में 6 करोड़ 80 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है और वह मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर मामले में आरोपी हैं। ठग ने कहा कि जांच चल रही है और यह बेहद गोपनीय है। अगर किसी को बताया तो परिवार के लोग भी मुसीबत में फंस सकते हैं और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। इस धमकी से हरिश्चंद्र अग्रवाल बुरी तरह डर गए। आरोपित लगातार कई दिनों तक वीडियो कॉल कर उन्हें मानसिक दबाव में रखता रहा। खुद को जांच अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने निर्देश दिया कि जांच से बचने और मामला निपटाने के लिए रुपये ट्रांसफर करने होंगे। डर के कारण रिटायर्ड शिक्षक ने 26 दिसंबर को 15 लाख रुपये और 30 दिसंबर को 5 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए ठगों के बताए खाते में भेज दिए। कुछ दिन बाद जब पीड़ित के बेटे को पूरे मामले की जानकारी हुई तो उसे साइबर ठगी का शक हुआ। इसके बाद परिवार ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल ठगों द्वारा इस्तेमाल किए गए खातों, मोबाइल नंबरों और वीडियो कॉल के डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, वीडियो कॉल या खुद को अधिकारी बताने वालों की धमकियों से न डरें।

# अस्पताल में प्रसूता की मौत, हंगामा

एनएनआई



**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना फेस-2 स्थित उत्तम हॉस्पिटल में ऑपरेशन से डिलीवरी के बाद एक प्रसूता की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने गंभीर हालत के बावजूद समय पर इलाज नहीं किया और रेफर करने में भी लापरवाही बरती।

इटावा जनपद के अश्ववा गांव निवासी रेशू भदौरिया की पत्नी माला भदौरिया को बुधवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर उत्तम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दोपहर करीब 12 बजे ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी कराई गई, जिसमें एक बच्ची का जन्म हुआ। डिलीवरी के कुछ ही समय बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही हुई। हालत गंभीर होने पर करीब एक बजे माला को फतेहाबाद स्थित जी.एम. हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहां पहले भर्ती से इनकार कर दिया गया। बाद में फोन पर बातचीत के बाद भर्ती तो किया गया, लेकिन करीब 15 मिनट के भीतर ही माला की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन उत्तम हॉस्पिटल पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि हंगामे के दौरान अस्पताल संचालक और स्टाफ मौके से फरार हो गया। एसीपी छत्ता शेषमणि उपाध्याय ने बताया परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आयकर विभाग ने अंत समय तक बरती अत्यधिक गोपनीयता

# मिल्क प्रोडक्ट फर्मों पर छापे की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

एनएनआई

**आगरा।** तीन राज्यों में डेयरी कारोबारी और उससे जुड़े लोगों के 35 ठिकानों पर आयकर विभाग ने गुरुवार को छापेमारी शुरू करने से पहले अत्यधिक गोपनीयता बरती। सूत्रों का दावा है कि जांच टीमों को अंतिम समय तक यह भनक नहीं लगने दी गई कि उन्हें कहां कार्रवाई करनी है।

छापे का निर्देशन कर रहे अधिकारीगणों ने सतर्कता और गोपनीयता बरतते हुए अपनी टीमों को पहले शहर के बाहरी इलाकों में भेजा और उसके बाद अचानक उन्हें लक्षित परिसरों पर पहुंचने के लिए कहा गया। सभी टीमों ने अपने-अपने लक्ष्यों पर पहुंचकर परिसरों को अपने नियंत्रण में ले लिया। कार्यालयों और घरेलू कर्मचारियों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई। टीमों ने इन परिसरों में मौजूद दस्तावेजों और बहुमूल्य वस्तुओं को अपनी निगरानी में ले लिया। गुरुवार सुबह से चल रही पड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी है। विभागीय टीमों द्वारा आय-व्यय से जुड़े दस्तावेजों,




कम्प्यूटर विवरणों और संपत्ति की जांच की जा रही है। आयकर विभाग ने घी कारोबारियों की पांच फर्मों के 35 ठिकानों पर देशभर में सर्च शुरू की थी। इन फर्मों में आनंदा डेयरी, भोलेबाबा डेयरी, कमलानगर निवासी गौरव बंसल की दौसा स्थित दाऊजी मिल्क प्रोडक्ट्स, अमन व अभिषेक जैन की सिरसागंज स्थित पोद्दार मिल्क प्रोडक्ट्स फर्म शामिल हैं। इनके आगरा, दिल्ली, कानपुर, अलीगढ़, सिरसागंज, जोधपुर, बीकानेर, दौसा और धौलपुर स्थित व्यावसायिक परिसरों और रिहायशी ठिकानों पर जांच जारी है।

विभागीय सूत्रों का दावा है कि जांच के दौरान अधिकारियों को दाऊजी मिल्क प्रोडक्ट्स और पोद्दार मिल्क प्रोडक्ट्स के परिसरों से ऐसे दस्तावेज हाथ लगे हैं जो मिलावटखोरी के बड़े रैकेट की ओर इशारा कर रहे हैं। इन दस्तावेज में नकली घी बनाने और खपाने से संबंधित जानकारियां शामिल हैं। अधिकारी फिलहाल जांच पर फोकस कर रहे हैं। चूंकि नकली घी बनाकर बेचा जा रहा था, ऐसे में कर चोरी का आंकड़ा अब अनुमान से ज्यादा हो सकता है। इस जांच के बाद आयकर विभाग के अधिकारी खाद्य उत्पादों की निगरानी से जुड़े विभागों को लिखित में जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

देसी घी बनाने वाली फर्मों के माल को राजस्थान में खपाने वाले ट्रेडर्स को भी जांच टीमों ने अपने निशाने पर लिया है। मार्केट में खपाने वाले बीकानेर के आशीष अग्रवाल ग्रुप और जोधपुर के मलानी ग्रुप के ठिकानों पर भी आयकर विभाग की टीमें सर्च कर रही हैं। सर्च में बेनामी संपत्तियां, विदेशी निवेश के साक्ष्य भी मिले हैं। अधिकारियों का कहना है कि नकली घी को बड़े नेटवर्क के जरिये खपाकर करोड़ों रुपये की कर चोरी की गई है। विभागीय अधिकारी सर्च लंबी चलने का दावा कर रहे हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 16 जनवरी, 2026


# ज्ञानोपार्जन को अपने-अपने क्षेत्र के नागरिकों के साथ करें साझा

- स्वयं सेवकों के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का हुआ समापन

एनएनआई




**आगरा।** संघ शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तैयारी और क्षमता निर्माण (पी एण्ड सीबी) कोष से नागरिक सुरक्षा के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिये सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय वित्तीय सहायता दिये जाने का लिये गये निर्णय के अनुपालन में जनपद में उत्पन्न होने वाली विभिन्न आपदाओं / आपदा स्थितियों में जनपद की प्राथमिक प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद में ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी निर्माण" प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डायमण्ड जुबली हॉल, डा.बी.आर आंबेडकर विश्वविद्यालय में 04 सत्रों में किया जा रहा है। प्रत्येक सत्र में नागरिक सुरक्षा के 90-90 वार्डनों/स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र का समापन मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा, धर्मवीर प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

सत्र के समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्री द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्वयंसेवकों एवं सदस्यों के साथ उत्प्रेरक प्रार्थना का समूह गान किया गया।

तदोपरान्त उप नियन्त्रक द्वारा अपने सम्बोधन में मंत्री द्वारा विभाग के प्रति किए गये अथक प्रयासों के विषय में विस्तार से प्रकाश डाल कर मंत्री को मंच पर विभाग के स्वयंसेवकों को अपना आशीष वचन देने हेतु आमंत्रित किया गया। नागरिक सुरक्षा कोर के भूपेन्द्र शिवहरे, उप मुख्य वार्डन, नवीन सारस्वत, प्रभागीय वार्डन, चन्द्रा सिंह, आदित्य गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह सिसौदिया, अंकुश गुप्ता, अशोक शर्मा उप प्रभागीय वार्डन, नागरिक सुरक्षा प्रभागों के स्टाफ अधिकारी एवं घटना नियन्त्रण अधिकारी एवं कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# वैश्विक बाजार में आगरा के उत्पादन को पहुंचाने के लिए होंगे प्रयास

- इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई ने औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों संग की अंतरराष्ट्रीय परिचर्चा

एनएनआई




**आगरा।** इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई के द्वारा औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह आयोजन आगरा एमजी रोड स्थित होटल होलीडे इन में आयोजित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय सचिव दीपक अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी के अलावा इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई के अध्यक्ष इंडिया डॉ अजय प्रकाश मिश्रा, डॉ शिवा मिश्रा जनरल सेक्रेटरी ऑफ यूपी, अमित झा कन्वीनर ऑफ यूपी चैप्टर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उद्यमिता पर चर्चा के दौरान डॉक्टर अजय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पादों की अपनी एक उपयोगिता है। आगरा के उत्पाद अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उद्यमियों के साथ आपसी संपर्क, संवाद और समन्वय हमारे उद्योग को आगे ले जा सकता है। इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई भारत सरकार और प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करता है। एसएमई के लिए यह संगठन नवाचार, नेटवर्किंग एवं इंडस्ट्रियल टूर जैसे प्रमुख कार्यों को समय-समय पर करता है।लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव दीपक अग्रवाल ने कहा कि किसी भी देश का आर्थिक विकास उसके औद्योगिक पहचान के साथ आगे बढ़ता है। पहचान देसी नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में जब भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में जाते हैं तो भारत पर विदेशी मुद्रा आती है और विदेशी मुद्रा आने से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई द्वारा ऐसे ही प्रयास भारत के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए हो रहे हैं। मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि भारत में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर निर्यात क्षेत्र में आता है। ऐसी स्थिति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आगरा निर्यात के क्षेत्र में असीम संभावनाओं का जिला है। उद्यमियों को सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है, नए बाजारों को और नए उत्पादकों के साथ वैश्विक बाजार में प्रवेश करने की आवश्यकता। युवा उद्यमी अपने ज्ञान और कौशल के साथ आगे बढ़ें।

# सांसद डिंपल यादव का सेवा और सद्भाव के साथ मनाया जन्मदिन



एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष प्रियंका चौहान के नेतृत्व में दयालबाग रोड, आर.आई. कॉलेज के पास सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन खिचड़ी वितरण कार्यक्रम के माध्यम से पूरे उत्साह और सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने अपने संबोधन में कहा कि डिंपल यादव का जीवन सादगी, संवेदनशीलता और जनसेवा की मिसाल है। उनके जन्मदिन को जरूरतमंदों की सेवा के रूप में मनाना समाजवादी विचारधारा की सच्ची अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास, प्रदेश सचिव नितिन कोहली, परवीन पालीवाल, मधुकर अरोड़ा, शिक्षक सभा की जिला अध्यक्ष सुलेखा श्रीवास्तव, मीना वर्मा, महिला सभा की महानगर उपाध्यक्ष सरिता यादव, महानगर महासचिव उर्मिला तोमर, छावनी अध्यक्ष रिहाना अब्बास, शबनम अब्बास, सर्वेश चौहान, बृजेश चौहान, शीतल चौहान, राजीव सविता, राहुल शाक्य, उदल सिंह सोनी जाटव एवं प्रमिला सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शब्बीर अब्बास ने आगे कहा कि नेताजी के विचारों पर चलते हुए समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, मजलूम और जरूरतमंद के साथ खड़ी रही है। डिंपल यादव जी के जन्मदिन पर किया गया यह सेवा कार्य उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी वितरित की गई और सभी ने सांसद दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं जनसेवा के निरंतर संकल्प की कामना की।

# भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को किया सलाम

**कैडेट्स ने भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम् के लगाए नारे**

एनएनआई



**आगरा।** एनसीसी आर्मी विंग, आगरा कॉलेज के तत्वावधान में इंडियन आर्मी डे का आयोजन किया, जिसमें कैडेट्स ने ड्रम की थाप पर शानदार ड्रिल का प्रदर्शन किया। ड्रिल का नेतृत्व सार्जेंट हृदय शर्मा ने किया। इस दौरान कैडेट्स ने परिसर में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया, जिसमें भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम का स्मरण करते हुए सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

गोष्ठी में उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है। इसके शौर्य और बलिदान की अनेक गाथाएं हैं। भारत का सैनिक "एक गोली एक दुश्मन" के सिद्धांत पर दुश्मन का सफाया करता है।

गोष्ठी में बोलते हुए वन यूपी वाहिनी एनसीसी के हवलदार मोहेंदर कुमार ने भारतीय सेना के जवान और अधिकारियों को विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर दुश्मन का मुकाबला करने वाला साहसी और उच्च बलिदानी बताया। उन्होंने सियाचिन में अपनी पोस्टिंग के दौरान आए अनुभवों को भी कैडेट्स के साथ साझा किया। कैडेट प्राची ने परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद, कैडेट शगुन ने ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, कैडेट प्रिया ने कैप्टन विक्रम बत्रा, कैडेट ऋषभ ने मेजर सोमनाथ शर्मा, कैडेट नीरज ने नायब सूबेदार बना सिंह, कैडेट प्रवीण ने मेजर शैतान सिंह आदि वीर शहीदों के साहस, बलिदान और पराक्रम की चर्चा की।

गोष्ठी का संचालन सार्जेंट समायरा सिंह ने किया। एसयूओ मनोज जुरैल ने अतिथियों का स्वागत तथा यूओ यामिनी चाहर ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सार्जेंट प्रिया चाहर, सार्जेंट हिमांशु सिंह, सार्जेंट अरविंद, कैडेट सूर्यांश, सक्षम, संदीप, ऋषभ, संजना, प्रियंका, कृति, अदिति, अनुश्री, रिहान कृष्णश, प्रथम, हर्षित, करण, देवांग, नीरज, संदीप अरुण, हर्ष, प्रवीन, मयंक आदि कैडेट्स उपस्स्थित थे।

कैडेट्स ने भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम् आदि नारे लगाए।

# निखिल गोयल अध्यक्ष और स्पर्श जैन बने महामंत्री

- बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति का किया गठन
- बल्केश्वर क्षेत्र में हिंदुओं को करेंगे एकजुट और जागरूकः निखिल गोयल



एनएनआई

**आगरा।** 'धर्म-संस्कृति-एकता' के लिए जगह-जगह विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन के क्रम में आगरा, प्रदेश और पूरे देश में हिंदुओं को एकजुट और जागरूक करने का कार्य आजकल चरम पर है। इस क्रम में बल्केश्वर वासियों द्वारा गुरुवार को बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति का गठन किया गया। बल्केश्वर महादेव मेले में प्रमुख भूमिका निभाने वाले युवा समाजसेवी निखिल गोयल को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष और स्पर्श जैन को महामंत्री चुनते हुए क्षेत्र वासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिल गोयल ने कहा कि समिति के अंतर्गत सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग से बल्केश्वर क्षेत्र में हिंदुओं को एकजुट और जागरूक करने का काम करेंगे। शीघ्र ही विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जय श्री राम और भारत माता का जयघोष किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख कार्यकर्ता श्याम किशोर गुप्ता, रमन अग्रवाल, राकेश त्यागी और वीरेंद्र दीक्षित के निर्देशन में समाजसेवी रीना जैन, मनीषा भरतिया, ब्रह्मा जी, विपिन जी, सत्यश्रवा एडवोकेट और करतार सिंह शास्त्री को समिति में विभिन्न पद प्रदान करते हुए अपने-अपने मोहल्ले और क्षेत्र में हिंदुओं को एकजुट और जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत के पुनर्निर्मित कार्यालय माधव भवन का हुआ भव्य लोकार्पण

## सनातन धर्म केवल हिन्दू धर्म के पास,दूसरे धर्म तो अनावश्यक विमर्श खड़ा करने में माहिर : शंकराचार्य

एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ब्रज प्रान्त कार्यालय माधव भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन देते हुए शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि संघ पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रश्नचिन्ह खड़े किये जाते हैं। उन पर बौद्धिक स्तर से उत्तर दिया जाना चाहिए, केवल भावनाओं से काम चलने वाला नही है। उन्होंने आशा प्रकट की यहां पुनर्निर्मित माधव भवन में ऐसी संकाय की व्यवस्था हो, जहां अध्ययनशील कार्यकर्ता समाज को प्रभावी बौद्धिक उत्तर दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे ज्ञानवान कार्यकर्ता ही विधर्मियों को करारा उत्तर दे सकते हैं क्योंकि चिंतन केवल सनातन के पास है। दूसरे धर्म तो अनावश्यक विमर्श खड़ा करने में माहिर हैं।

इसी अवसर पर संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने माधव भवन के पुनर्निर्माण पर कहा कि किसी भी संस्था या समाज को युगानुकूल आगे बढ़ना होता है। जब पुराना माधव भवन सन 1977 में प्रारम्भ हुआ था, तब देश भर में संघ की केवल 8 हजार शाखाएं थीं, जो वर्तमान में 90000 तक



पहुंच गयी हैं। अतः कार्यविस्तार और राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संघ की गुणवत्ता और प्रमाणिकता को और अधिक स्वीकार्यता से आगे बढ़ने के लिए एक बड़े भवन और बड़ी योजना की आवश्यकता थी। उसी की पूर्ति के लिए पुराने माधव भवन का पुनर्निर्माण किया गया है। यहां से संघ की अनेकों गतिविधियां, सेवाकार्य, संस्कार, शिक्षा और स्वास्थ्य के समाज में प्रसार की दृष्टि से भी केन्द्र स्थापित किये जाएंगे, जो संघ की समाज के लिए प्राथमिक जिम्मेदारी के साथ-साथ महत्वपूर्ण भी है। उन्होंने आगे कहा लेकिन हमारे आगरा के लोग इस गौरवशाली इतिहास को भूलते जा रहे हैं।

उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को सुझाव दिया कि शिवाजी महाराज, गोकुलाजाट एवं राणा सांगा के बलिदान स्थल पर उनके स्मारक और म्यूजियम निर्माण का कार्य प्रारम्भ करना चाहिए जिससे बाहर से आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को ताजमहल के साथ-साथ हमारे गौरवशाली इतिहास जानने का भी अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. दिनेश, अखिल भारतीय गौ संयोजक अजीत महापात्रा, अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख जगदीश प्रसाद, अखिल भारतीय सह संयोजक पर्यावरण गतिविधि राकेश जैन, दिनेश उपाध्याय विश्व हिन्दू परिषद, क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य मनीराम, सुरेशचन्द्र एवं गंगाराम, संस्कार भारती- बांकेलाल, क्षेत्र संगठन मंत्री बिहार विद्या भारती ख्यालीराम, प्रान्त कार्यवाह राजकुमार, प्रान्त प्रचारक प्रमुख प्रीतम सिंह, भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायकों सहित शहर के अनेकों गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशान्त गुप्ता ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय गोयल ने किया।




# राज्य कर विभाग करेगा 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन

## दो दिवसीय व्यापारी संवाद राज्य कर कार्यालय सभागार, जयपुर हाउस में होगा संपन्न

एनएनआई

**आगरा।** राज्य कर विभाग आगरा के तत्वावधान में 17 जनवरी व 28 जनवरी को जयपुर हाउस स्थित राज्य कर भवन के सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 17 जनवरी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह मंडलायुक्त आगरा मंडल रहेंगे। श्रीमती आरती कुमारी संयुक्त आयुक्त राज्य कर मुख्यालय लखनऊ की भी गरिमामई उपस्थिति रहेगी। पंकज गांधी अपर आयुक्त ग्रेड- 1 राज्य कर ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारी एवं आम जन के हित में अनेक सुधार किए है। जीएसटी प्रणाली को व्यापारी हेतु सरल सुगम बनाने आम जन के लिए और लाभकारी बनाने एवं अधिकाधिक राजस्व प्राप्त कर राज्य के विकास में व्यापारी वर्ग को और सहभागी बनाने हेतु इस संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यापारियों , व्यापार मंडलों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स से प्राप्त सुझावों को सरकार को प्रेषित भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में सभी सम्मानित व्यापारियों, व्यापार मंडलों, अधिवक्ता संघ, सीए एसोसिएशन एवं अन्य स्टेक होल्डर्स, मीडिया बंधुओं आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि "व्यापारी संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर अपने सुझाव प्रदान करें।

# क्रिकेट महासंग्रामः क्वार्टर फाइनल में इरादतनगर और खेरागढ़ विजयी

एनएनआई

**खेरागढ़।** खेरागढ़ विधानसभा क्रिकेट महासंग्राम के चौदहवें दिन मंडी समिति मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। पहले मुकाबले में इरादतनगर न्याय पंचायत ने सैंया ग्राम पंचायत को पांच विकेट से हराया। सैंया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए, जिसे इरादतनगर ने सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। भंडारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरे क्वार्टर फाइनल में खेरागढ़ नगर पंचायत ने पुसैता न्याय पंचायत को आठ विकेट से पराजित किया। पुसैता की टीम 98 रन ही बना सकी। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मोहित शर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूनामेंट को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है। मैचों के



समापन के बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन खेरागढ़ सुधीर गर्ग 'गुड्डू' ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रजेश दीक्षित (प्रदेश संगठन मंत्री, शिक्षक संघ), मनोज शर्मा (जिला उपाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ), कृष्णगोपाल उपाध्याय (ब्लॉक अध्यक्ष, जगनेर), श्रीनिवास परमार (शिक्षक), सभासद रम्मोलाल, शैलेन्द्र कंसाना, मुकेश चौधरी, राजेंद्र त्यागी, सुरेंद्र लवानिया, सचिन गोयल, लाखन सिंह, नीरज अग्रवाल, पुती कंसाना, सतीश सिकरवार सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई मकर सक्रांति, खूब बंटा खिचड़ी का प्रसाद



## अयोध्या नाथ श्री राम मंदिर

आगरा। अयोध्या नाथ श्री राम मंदिर अयोध्या कुंज आगरा पर मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महंत पवन शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी को खिचड़ी का भोग लगाया गया। तत्पश्चात महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के जयघोष के साथ खिचड़ी भोग-प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोग-प्रसादी को ग्रहण किया।



## चर्चित चौराहा

आगरा। आगरा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में शस्त्रीपुरम क्षेत्र स्थित चर्चित चौराहे पर राष्ट्रीय भगवा दल ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और सदस्यों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन अमोल दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान भगवा दल अध्यक्ष अमोल दीक्षित,शशिकांत शर्मा,रवि सोनी, विवेक मिश्रा, तरूण जुमानी, शेर सिंह,वंश शर्मा,नीखिल शर्मा, मयंक शर्मा, आयूष अग्निहोत्री,संजय, सनी, आयूष, विशाल कुशवाहा, योगेश, विष्णु कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



## अक्रूर चौराहा

आगरा। वार्ष्णेय सभा द्वारा मकर संक्रांति के निमित्त श्री अक्रूर चौक पश्चिमपुरी चौराहा पर खिचड़ी का वितरण किया गया।इसमें मंजू वार्ष्णेय ,रीनू वार्ष्णेय, नीना, रजनी, सरिता, अंजना, विजय, कशिश, अनीता, मेघा, सुनीता, रश्मि, अंजू, नीतू गुप्ता के साथ श्री वार्ष्णेय सभा के पदाधिकारीगण दाऊदयाल गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, आर.बी.गुप्ता,कालीचरण गुप्ता,राजीव गुप्ता,डॉ अशोक वार्ष्णेय,नितिन के साथ सभा के मीडिया प्रभारी के.एम.गुप्ता भी मौजूद रहे।



## पारस पर्ल्स अपार्टमेंट

आगरा। पारस पर्ल्स अपार्टमेंट मे महिलाओं की टीम ने मकर संक्रांति के अवसर पर राहगीरो को खिचड़ी और गजक की प्रसादी वितरित की। इस मौके पर युवीका शर्मा गिड़वानी, सारिका शर्मा, शिखा जैन, शिप्रा गुप्ता, महिमा जैन,रंजना अग्रवाल,बुलबुल जैन, शिखा जैन, दीपिका जैन, कल्पना गोयल,रोहित गोयल, सुशील जैन,पंकज शर्मा, रवि गिड़वानी, अंकुर जैन, मोहन लाल जैन, अनुज जैन, मनोज गोयल, सचिन, सचिन गोयल, उपेंद्र जैन,जीतेन्द्र माहौर, अशोक अग्रवाल, डॉ बसंत अग्रवाल, विशाल ने घंटो चले भंडारे मे सहभागिता निभाई।

## श्री मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति ने मनाया उत्तरायण पर्व

**आगरा एनएनआई।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्री मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति द्वारा उत्तरायण पर्व श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परंपरागत खिचड़ी-मंगौड़े का भव्य आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय, आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष संजय गोयल, पूर्व अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल सहित



श्री मोतीगंज खाद्य व्यापार समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मंगल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर रमाकांत उपाध्याय समिति के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मंगल एवं महामंत्री शैलेंद्र अग्रवाल शालू ने बताया कि मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति में उत्तरायण का प्रतीक पर्व है, जो नई ऊर्जा, नई शुरूआत और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। इस वर्ष 100 किलो दाल चावल की खिचड़ी और 100 किलो दाल के मंगोड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर आगरा व्यापार मंडल के राजेश अग्रवाल, अतुल बंसल, समिति के उपाध्यक्ष श्रीनाथ बंसल और कृष्ण कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष मयंक मंगल, अखिलेश गोयल, संजीव सिंघल, मोहित गर्ग, डॉ एसपी सिंह, पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद अनुज शर्मा, पार्षद राकेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## महिला छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मकर संक्रांति



**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के सावित्रीबाई फुले भवन स्थित सौ क्षमता महिला छात्रावास में मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति की परंपरा को जीवंत किया। पूरा छात्रावास उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक सौहार्द के रंगों से सराबोर नजर आया। कुलपति प्रो. आशु रानी ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और युवा पीढ़ी को हिंदू परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं।

छात्रावास की सहायक अधीक्षिका डॉ. रत्ना पांडेय ने भी सभी छात्राओं को मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रावास में सभी प्रमुख त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाया जाता है, ताकि छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ घर जैसा वातावरण मिले और वे हमारी समृद्ध संस्कृति को खुशी और सौहार्द के साथ अपनाना सीखें। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आपसी सहयोग, सांस्कृतिक चेतना एवं सकारात्मक वातावरण का विकास करना रहा, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।



## पंचमुखी महादेव मंदिर

आगरा। भाजपा मनकामेश्वर मंडल बेलनगंज स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पर खिचड़ी वितरण का आयोजन दान पुण्य के महापर्व मकर संक्रांति पर किया गया। शुभारम्भ महंत गिरीश चंद्र शर्मा ने किया। भाजपा नेता धीरज जैन ने बताया कि खिचड़ी का ये भोज हमें भारतीय संस्कृति का आभास कराता है। इस अवसर पर धीरज जैन, दीपक खरे, पार्षद अनुराग चतुवेर्दी, कपिल खंडेलवाल, अमित शर्मा, गोल्डी , दिनेश खंडेलवाल, आदि मौजूद रहे।



## आस्था भक्त मंडल

आगरा। आस्था भक्त मंडल द्वारा वैष्णो देवी अखंड ज्योति यात्रा के लौटने पर कंबल वितरण एवं माता के भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक राजू भगत जी अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष संजय बंसल उपाध्यक्ष अनिल खंडेलवाल द्वारा गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। व्यवस्था दिलीप अग्रवाल राजीव अग्रवाल विवेक बंसल विनोद मिश्रा सनी अग्रवाल ऋषभ वर्मा बलवीर ठाकुर आदि द्वारा संभाली गई।

## संस्कार भारती द्वारा समरसता को प्रोत्साहित करते हुए किया खिचड़ी वितरण

**आगरा एनएनआई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, संस्कार भारती, कला साधिका आयोजन समिति, आगरा महानगर, ब्रज प्रान्त द्वारा "मकर संक्रान्ति पर्व" श्री हनुमान मन्दिर, स्टेट बैंक के सामने, श्याम मेडीकल के पास, जयपुर हाउस - लोहामन्डी रोड, आगरा पर खिचड़ी वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि समाज सेविका गीता अग्रवाल ने कहा कि सनातन में छुआछूत के लिए और छोटे-बड़े के लिए कभी कोई विचार नहीं रहा तथा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंचालक श्री गुरु जी ने उडुपी में समस्त हिंदू समाज के समस्त संतों के सुर में सुर मिलाते हुए एक स्वर से कहा था कि कोई भी हिंदू प्रतीत नहीं होता है। अध्यक्ष अनिता भार्गव ने कहा कि इस खिचड़ी वितरण के लिए समाज के सभी वर्गों के अनेक परिवारों से दो दो मुट्ठी चावल और दाल का सहयोग लिया गया है।

इस अवसर पर संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आगरा विभाग संघचालक माननीय चौधरी राजन सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर सेवा प्रमुख श्याम तिवारी,नीता गर्ग, अनिता भार्गव, मीना अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रेनू सिंगल, अनीता मित्तल, मधु उपाध्याय, मीरा गर्ग, कुमकुम गर्ग, मधु बंसल, माला सिंघल, बीना अग्रवाल, सरला सिंघल, संस्कार भारती के अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल सुपारी, पेंशन एसोशिएशन के अध्यक्ष एस एन गर्ग, संस्कार भारती के महानगर महामंत्री ओम स्वरूप गर्ग, इंजीनियर संदीप बंसल, अक्षय त्रिपाठी, प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रमुख प्रखर अवस्थी नोएडा, आदि उपस्थित रहे।

# 48 घंटे बाद भी नहीं लगा युवक का कोई भी सुराग



एनएनआई

**आगरा।** नोएडा एक्सप्रेस यमुना नदी में छलांग लगाने वाले युवक का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका है। बमरौली कटारा थाना क्षेत्र में इनर रिंग रोड स्थित यमुना पुल से कूदे युवक की तलाश में गुरुवार को भी सघन अभियान चलाया गया।

चाचा भतीजे थे रिश्ते में, जगबीर और राहुल शादी के हुए थे 8 महीने, 29 अप्रैल को हुई थी शादी। युवक की तलाश में पुलिस और प्रशासनिक टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पुलिस एवं प्रशासनिक टीमें युवक की तलाश में लगातार जुटी हुई हैं।

थानाध्यक्ष बमरौली कटारा हरीश शर्मा ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम और पीएसी के गोताखोरों द्वारा यमुना नदी के दोनों ओर लगभग तीन से पाँच किलोमीटर तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन युवक का कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। बताया गया कि विगत बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे युवक ने यमुना पुल से छलांग लगाई थी। छलांग लगाने से पूर्व युवक ने अपने मोबाइल फोन से पत्नी से बात की थी। युवक की पहचान राहुल वर्मा पुत्र मुन्ना लाल निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी, देवरी रोड, थाना सदर, आगरा के रूप में हुई है। राहुल फोटोग्राफी के साथ-साथ एक टीवी चैनल में कैमरामैन के पद पर कार्यरत था।

## मीटर लगाने वालों और ग्रामीणों में हुआ विवाद

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना क्षेत्र के ग्राम देवनारी में निजी कंपनी के कर्मचारी घरों में मीटर लगानी पहुंचे इसी दरमियान ग्रामीणों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की मना करने पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। मीटर लगाने वालों के साथ ग्रामीणों द्वारा मारपीट का आरोप लगाया गया है। वही ग्रामीणों द्वारा मीटर लगाने वालों द्वारा केवल ना लगाए जाने की शिकायत की है।

ग्राम देवनारी में निजी कंपनी के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे ग्रामीण नरेंद्र पुत्र सत्यवीर के घर पर जैसे ही मीटर लगाने पहुंचे वहां विरोध शुरू हो गया इसी दरमियान ग्रामीणों द्वारा कर्मियों के साथ हाथापाई भी की गई इस दौरान मीटर लगाने वाले कर्मचारियों द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई जिस पर थाना पुलिस द्वारा एक ग्रामीण को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। उक्त संबंध में ग्रामीण सत्यवीर सिंह का कहना है कि कर्मचारियों द्वारा मीटर के साथ केवल नहीं लगाई जा रही थी।

## गोदाम में चोरी, लाखों का इलेक्ट्रॉनिक सामान गायब



एनएनआई

**मलपुरा।** मलपुरा में एयरफोर्स क्षेत्र के डमडम के पास स्थित हैदर इंटरप्राइजेज के गोदाम से लाखों रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान की चोरी हो गई। वॉचमैन इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को गोदाम बंद करके वह घर चला गया था, गुरुवार को जब वापस आया तो ताला टूटा हुआ था और सामान गायब था।

तीन लैपटॉप, तीन मॉनिटर, दो इंडक्शन चूल्हे, पांच मिक्सर ग्राइंडर, पचास ईयरबड्स, बीस ब्लूटूथ डिवाइस और एक पीसीओ चोरी हुए हैं। थाना प्रभारी मलपुरा राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है, जांच की जा रही है। आसपास के व्यापारियों में दहशत है, रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है।

## सूबेदार की स्मृति में 17-18 को वॉलीबाल प्रतियोगिता

**बाह** एनएनआई। बाघराजपुरा के सूबेदार डाल सिंह ने अपनी देश भक्ति से गांव का मान बढ़ाया था। बेटे और बेटियों की पढ़ाई के लिए अपनी सारी जमीन दान कर दी थी। गांव के प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय आज भी इसी जमीन पर आबाद हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थल भी मौजूद है। पूरा गांव उनकी स्मृति को यादगार बनाने के लिए 17-18 जनवरी को ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराएगा। न्यू स्पोर्ट्स क्लब बाघराजपुरा के अध्यक्ष अल्केन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि सूबेदार डाल सिंह पूरे गांव को अपना परिवार मानते थे। उनकी स्मृति में गांव के लोग सामूहिक रूप से 17-18 जनवरी को वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन उनकी दान दी गई जमीन पर कराएगा। प्रतियोगिता में लखनऊ, ग्वालियर, चंड़ीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली, गुजरात की टीमें प्रतिभाग करेंगी। 17 जनवरी को उदघाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, 18 जनवरी को समापन बाह की विधायक पक्षालिका सिंह करेंगी।



## दस दिन से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर

**पिनाहट।** दस दिन से फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदलने से परेशान लोगों ने जमकर हंगामा किया है। विद्युत सब स्टेशन पिढौरा के गाव चंडीगढ शाला का ट्रांसफार्मर करीब दस से फुका पडा है। जिससे समूचे गांव में भीषण पेयजल संकट छाया हुआ है। दस दिन से अंधेरे डूबे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जमकर हंगामा किया है। ग्रामीणों ने पूरन,प्रमोद सिंह,देवी राम ,जनक सिंह ने जल्द ट्रांसफार्मर को बदलवाने की माग की है। एसडीओ पिनाहट रवि प्रताप ने मामला संज्ञान में नहीं आया है।

## आलू फसल में झुलसा रोग की दस्तक

**पिनाहट।** आलू में झुलसा रोग की दस्तक के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू हो चुका है। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बाद अचानक मौसम बदलने के बाद तेज धूप खिलने से आलू फसलों मे झुलसा रोग की दस्तक शुरू हो गयी है। किसानों के अनुसार झुलसा रोग से आलू फसल का पत्ता सिकुड़ने लगता है। जमीन में दबा आलू का फुलाव रुक जाता है। जिससे पैदावार में भारी गिरावट और अच्छे आलू की जगह पर दागदार आलू निकालता है। रोग की दस्तक अभी शुरूआत दौर में है। जिसके बाद किसानों ने अपनी फसलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू कर दिया है। जिससे फसलों को रोगो से पूर्व ही सुरक्षित किया जा सके। सुताहरी के किसान चेतन शर्मा,पुरा टीकम सिंह के राकेश परिहार,नगला भरी के विजय परिहार,सुखाताल के रायसिंह ने बताया कि झुलसा रोग से आलू का साइज छोटा हो जाता है। पत्ते जल्दी खत्म हो जाते हैं। जिससे पैदावार में भारी कमी आती है।

# दृष्टिबाधित बच्चों के संग कवियों ने लगाए ठहाके, मनी मकर संक्रांति

एनएनआई




**आगरा।** कालिंदी विहार स्थित आवासीय दृष्टिबाधित विद्यालय का प्रांगण केवल मकर संक्रांति के दान-पुण्य का ही साक्षी नहीं बना, बल्कि यहाँ सुरों और ठहाकों की एक अनूठी महफिल भी सजी। अवसर था मकर संक्रांति पर्व का, जहाँ शहर की प्रमुख हस्तियों ने बच्चों के बीच पहुँचकर उनके जीवन में उमंग के रंग भर दिए।

दिन की शुरूआत बड़े ही स्नेहपूर्ण ढंग से हुई, जहाँ खुशी जी ने बच्चों को सुबह के नाश्ते में गरमा-गरम पोहा, जलेबी आदि खिलाकर उनका मन प्रसन्न कर दिया। वहीं दोपहर के भोजन की व्यवस्था कृष्ण गोपाल शर्मा जी द्वारा की गई, जिन्होंने बच्चों को विशेष प्रीतिभोज कराया।

कार्यक्रम में उस समय चार चाँद लग गए जब कवि सम्मेलन के प्रमुख डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिलन एवं अन्य कवियों ने अपनी चुटीली हास्य कविताओं से पूरे परिसर को हंसी से सराबोर कर दिया। वहीं, प्रसिद्ध गायिका निशी राज ने जब अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुतियां दीं, तो बच्चे झूम उठे। बच्चों ने भी पीछे न रहते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

लायंस क्लब की अध्यक्ष विनीता अरोड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी अंकित मिश्रा, राहुल चाहर, सचिन सिंह, बॉबी, रोहित चौधरी, संजय सिंह, अमरपाल, जुगेंद्र (शनिदेव) और तेजपाल ने बच्चों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कम्बल और नए वस्त्र भेंट किए। साथ ही खिचड़ी, रेवड़ी, गजक, बिस्किट, नमकीन और चॉकलेट जैसे उपहार पाकर बच्चों के चेहरे मुस्कान से खिल उठे।

विद्यालय के संस्थापक जगन्नाथ सिंह बघेल ने सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य जाकिया बनो, नवीन कुमार, योगेश बघेल, आशा कपूर, रेखा राजपूत, रचना, रूबी, बाबू कुशवाह, योगेश कुमार और शौर्य परिहार सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## संपादकीय

# ममता के सामने चेहरे की जगह नैरेटिव के सहारे भाजपा


पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले माहौल पूरा गरम है। केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने आजमाए हुए दांव के तौर पर चुनाव से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसियों के दम पर परेशान करने लगी है तो दूसरी ओर ममता बनर्जी अपनी आदत के मुताबिक सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रही हैं और टकराव को नए मुकाम तक ले जा रही हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा की ताकत व कमजोरी का आकलन करें तो ताकत के नाम पर भाजपा के पास सिर्फ नैरेटिव है। उसके पास न तो बहुत मजबूत संगठन है, न मजबूत नेता हैं और न भाषा व संस्कृति के जरिए राजनीति को प्रभावित करने की सलाहियत है। इन सबमें वह तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले कमजोर है।भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति का नैरेटिव है, जिसका बहुत प्रभावी तरीके से वह राजनीतिक इस्तेमाल करती है। इस नैरेटिव का व्यावहारिक पहलू घुसपैठिए हैं। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति घुसपैठियों के दम पर ही चलने वाली है। भाजपा का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को फ्री पास दे रखा है।भाजपा की सरकार बनी तो वह इस स्थिति को बदलेगी। घुसपैठ रोकेगी और राज्य में रह रहे तमाम घुसपैठियों की पहचान करके उनको बाहर निकालेगी। हालांकि दूसरे राज्यों में भाजपा के रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस नैरेटिव के पीछे आंकड़ों का कोई मजबूत आधार नहीं है। भाजपा की सीमाओं या कमजोरियों की बात करें तो भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में उसके लिए हमेशा समस्या रही है।भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में कामयाबी के लिए पहली जरुरत मजबूत स्थानीय नेता की है या फिर किसी मजबूत गठबंधन की है। बांग्लादेश में उसके पास न तो बहुत मजबूत स्थानीय नेतृत्व है और न किसी पार्टी के साथ उसका गठबंधन है। तभी वह नैरेटिव की ताकत पर राजनीति कर रही है। यह लाख टके का सवाल है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी किसको चेहरा बना कर चुनाव लड़ेगी। सामने से ममता बनर्जी की चुनौती है और यह सबको पता है कि भाजपा के पास उनसे मुकाबले के लिए कोई चेहरा नहीं है। ममता बनर्जी से मुकाबले के लिए भाजपा को मजबूत और जमीनी पकड़ वाले नेता का चेहरा दिखाना होगा। क्या वह चेहरा शुभेंदु अधिकारी का होगा? उनके चेहरे पर भाजपा ने पिछला चुनाव लडा था और उसे 77 सीटें मिली थीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 148 सीट का है। अभी भी भाजपा ने अधिकारी को ही आगे किया है। ईडी की छापेमारी के बाद ममता बनर्जी की ओर से शुभेंदु अधिकारी पर आरोप लगाया गया है कि कोयला तस्करी का पैसा उन्होंने अमित शाह तक पहुंचाया। यानी ममता बनर्जी भी उन्हीं से मुकाबला बनाना चाह रही हैं और बाहरी चेहरे के तौर पर नरेंद्र मोदी से ज्यादा अमित शाह को प्रोजेक्ट करके उन पर हमला कर रही हैं।असल में पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीति की समस्या यह है कि भाजपा एक के बाद एक चेहरे लाती है और उसे डंप करती जाती है। पहले राहुल सिन्हा भाजपा के अध्यक्ष थे। फिर उनकी जगह दिलीप घोष लाए गए। उसके बाद सुकांत मजूमदार को आगे किया गया और अब शामिक भट्टाचार्य लाए गए हैं। ये सब भाजपा और संघ के पुराने लोग हैं। लेकिन ममता को टक्कर देने के लिए भाजपा उन्हीं की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से तोड़ कर शुभेंदु अधिकारी को ले आई है। वैसे तो तृणमूल से मुकुल रॉय को भी लाया गया था लेकिन पार्टी को कोई फायदा नहीं हुआ। अब सब कुछ शुभेंदु अधिकारी संभाल रहे हैं। इससे बाकी नेता हाशिए में गए। नाराज होकर दिलीप घोष घर बैठ गए। उन्होंने जगन्नाथ धाम कार्यक्रम में ममता बनर्जी से मुलाकात की लेकिन अब अमित शाह ने दिलीप घोष का निर्वासन खत्म कराया है और उनको सक्रिय किया है। वे यात्राएं कर रहे हैं।दिलीप घोष की एक महीने की सक्रियता के बाद लगता है कोई तस्वीर बनेगी। उनको आधिकारिक रूप से कोई जिम्मेदारी नहीं मिली है। वे खुद प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं तो शामिक भट्टाचार्य की कमेटी में तो कोई जगह नहीं ले सकते हैं लेकिन चुनाव अभियान समिति उनकी अध्यक्षता में बन सकती है।पश्चिम बंगाल भाजपा के नेताओं का मानना है कि अगर शामिक भट्टाचार्य और दिलीप घोष मिल कर काम करें तो पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए अच्छा अवसर बन सकता है। ये दोनों जमीनी नेता हैं और भाजपा व संघ के पुराने नेताओं के साथ उनका बेहतर समन्वय है। हालांकि अभी तो भाजपा शुभेंदु अधिकारी के कंधे पर ही नेतृत्व की जिम्मेदारी डाले हुए दिख रही है। शुभेंदु अधिकारी बंगाल में भाजपा के बड़े नेता बन जाएंगे। लेकिन ममता बनर्जी के रहते यह आसान नहीं दिख रहा है।



**डब्ल्यूएचओ ने दिया समाधान**

# मोटापा, डायबिटीज और दिल की बीमारियों पर ब्रेक लगाने का प्लान

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शुगर वाले ड्रिंक्स और अल्कोहल पर ज्यादा टैक्स लगाने से नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज जैसे डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और लिवर से जुड़ी बीमारियों का बोझ कम किया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ सलाह देता है कि अगर लोग अपनी जीवनशैली में छोटे लेकिन स्थायी बदलाव करें, तो डायबिटीज और हृदय रोगों जैसी जानलेवा बीमारियों को काफी हद तक रोका जा सकता है।**




भारत सहित दुनिया के कई देशों में लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि भारत में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज के बढ़ते मामले गंभीर चिंता का कारण हैं। नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज वे बीमारियां हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलतीं, बल्कि क्रॉनिक रूप से सेहत के लिए मुश्किलें बढ़ाती जाती हैं। आहार-दिनचर्या में गड़बड़ी, धूम्रपान, शराब और शारीरिक निष्क्रियता आदि को इस तरह की बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है।

हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और क्रॉनिक श्वसन रोग आदि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज का उदाहरण हैं। भारत की बड़ी आबादी इन रोगों का शिकार है। अब सवाल ये है कि इन बीमारियों के खतरे को कम कैसे किया जाए?

नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कुछ जरूरी सलाह दिए हैं, जिनके बारे में जान लेना आपके लिए बहुत जरूरी है।

**नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज की रोकथाम कैसे हो?**

डब्ल्यूएचओ ने कहा, नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज को रोकने के लिए मीठे ड्रिंक्स और शराब से लोगों को दूरी बनानी चाहिए। अगर इनपर टैक्स बढ़ा दिया जाए तो बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से अपील की है कि वे इनका इस्तेमाल कम करने पर जोर दें और इन उत्पादों पर टैक्स बढ़ाएं।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ज्यादातर देशों में इन उत्पादों पर टैक्स कम है। टैक्स कम होने से ये उत्पाद सस्ते हैं, जिससे लोगों तक इनकी पहुंच आसान है।




इन चीजों के अधिक सेवन के कारण मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियां और कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। अगर टैक्स बढ़ा दिया जाए तो इनके दाम बढ़ जाएंगे जिससे लोग इनका सेवन कम करेंगे। इससे बीमारियों की गति को रोका जा सकता है।

**क्या कहते हैं डब्ल्यूएचओ के अधिकारी?**

डब्ल्यूएचओ ने कहा, जहां ऐसे ड्रिंक्स से अरबों डॉलर का फायदा होता है, वहीं सरकारें हेल्थ से जुड़े टैक्स के जरिए उसका बहुत छोटा हिस्सा ही हासिल कर पाती हैं, जिससे समाज को लंबे समय तक स्वास्थ्य और आर्थिक लागत उठानी पड़ती है।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने एक बयान में कहा, हेल्थ टैक्स स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बीमारियों को रोकने के लिए हमारे पास सबसे मजबूत तरीकों में से एक है। तंबाकू, मीठे पेय पदार्थ और शराब आदि पर टैक्स बढ़ाकर, इसके इस्तेमाल को कम किया जा सकता है।

इसके साथ ही इनसे जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए फंड भी जुटाया जा सकता है। गरीब देशों में जहां फंडिंग कम हो रही है, ऐसे टैक्स हेल्थ सिस्टम चलाने में टिकाऊ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद कर सकते हैं।

**तंबाकू-शराब और मीठे पेय पर टैक्स लगाने की सलाह**

डब्ल्यूएचओ के एक अधिकारी जनरल जेरेमी फरार कहते हैं, तंबाकू पर टैक्स लगाने से उसका इस्तेमाल कम होता है। मीठे पेय पर भी टैक्स को बढ़ाकर इसकी खपत कम करने में मदद मिल सकती है। इसका सीधा असर डायबिटीज, मोटापा और हृदय की बीमारियों की रोकथाम पर भी देखने को मिल सकता है।

जो देश नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों में बढ़ोतरी से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनके लिए ये तरीका काफी असरदार हो सकता है। इससे हेल्थकेयर में निवेश की संभावना भी बढ़ती है।

फिलीपींस, ब्रिटेन और लिथुआनिया में उठाए गए कदमों का हवाला डब्ल्यूएचओ के निदेशक ने कहा, कई देशों ने दिखाया है कि जब इन्हें सही तरीके से प्रयोग में लाया जाता है तो इसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने शराब और मीठे पेय पदार्थों पर टैक्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कम से कम 116 देश सोडा जैसे मीठे पेय पदार्थों पर टैक्स लगाते हैं।

कई अन्य देशों में चीनी वाले उत्पाद जैसे पैक्ड फलों के जूस, फ्लेवर मिल्क वाले पेय और कॉफी और चाय पर टैक्स नहीं या फिर बहुत कम है।

शराब पर रिपोर्ट में पाया गया कि 2022 से 2024 तक 56 देशों में बीयर ज्यादा सस्ती हो गई। कम से कम 25 देशों में, खासकर यूरोप में, वाइन को एक्साइज टैक्स से छूट दी गई थी।

# फिल्म के असफल रहने पर कार्तिक आर्यन ने लौटाए 15 करोड़ रुपये

अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करने के बाद अपनी फीस में कटौती करने का फैसला लिया है। बताया गया है कि अभिनेता ने अपनी पारिश्रमिक राशि में से करीब 15 करोड़ रुपये स्वयं लौटाए हैं। इस फैसले को फिल्म के व्यावसायिक नुकसान में हिस्सेदारी के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता और फिल्म निमार्ता के बीच मतभेद की अटकलें लगाई जा रही थीं, हालांकि इन चचाओं को खारिज किया गया है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय किसी अनुबंध की बाध्यता के तहत नहीं, बल्कि अभिनेता की स्वेच्छा से लिया गया कदम था। इससे पहले भी कार्तिक आर्यन फिल्मों के अपेक्षित प्रदर्शन न करने की स्थिति में अपनी फीस पर पुनर्विचार कर चुके हैं। फिलहाल अभिनेता एक अन्य फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो जल्द ही दर्शकों के सामने आएगी।




# विवादित वीडियो के बाद हनी सिंह ने मांगी माफी

रैपर हनी सिंह का एक वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना, जिसमें उनके शब्दों को लेकर आपत्ति जताई गई। इसके बाद हनी सिंह ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए कहा कि उनका किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। हनी सिंह ने स्पष्ट किया कि वीडियो को संदर्भ से अलग तरीके से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य युवाओं को एक सामाजिक संदेश देना था, लेकिन इस्तेमाल की गई भाषा से लोगों को ठेस पहुंची, जिसके लिए वे खेद प्रकट करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में वे अपने शब्दों को लेकर अधिक सावधानी बरतेंगे और सोच-समझकर अपनी बात रखेंगे। उनके इस बयान के बाद कई प्रशंसकों ने उनके रवैये की सराहना की है।



# सीखना कभी बंद नहीं होना चाहिए : अमिताभ बच्चन

महानायक अमिताभ बच्चन ने सीखने की निरंतर प्रक्रिया और समय के साथ बदलते कामकाजी माहौल पर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन कुछ नया सिखाता है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ नई तकनीकों और नवाचारों की तेज रफ्तार से तालमेल बैठाना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। अपने विचारों में उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर यह अफसोस रहता है कि जिन चीजों को पहले सीख लेना चाहिए था, वे समय रहते नहीं सीखी जा सकीं। उनके अनुसार, समय और उम्र के साथ सीखने की इच्छा और ऊर्जा में भी कमी आ जाती है। अमिताभ बच्चन ने कहा कि आज के दौर में नई प्रणालियां और तकनीक इतनी तेजी से बदलती हैं कि जब तक कोई उन्हें समझने की कोशिश करता है, तब तक वे आगे निकल चुकी होती हैं। ऐसे में जरूरी है कि बुनियादी समझ मजबूत रखी जाए और काम को आगे बढ़ाने के लिए दक्ष और कुशल नए लोगों पर भरोसा किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी काम की पूरी जानकारी स्वयं के पास न हो, तो उसे स्वीकार करने के बजाय विशेषज्ञों की मदद लेकर पूरा करना बेहतर होता है। इस प्रक्रिया को उन्होंने आउटसोर्सिंग का नाम दिया और बताया कि इससे बड़े प्रोजेक्ट का नियंत्रण अपने पास रखते हुए बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। अपने अनुभव साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने कहा कि समय के साथ चीजें स्पष्ट होती जाती हैं और आधुनिक तकनीकी साधनों की मदद से समाधान पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से मिल जाते हैं।



# कर्नाटक को हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा विदर्भ

## अमन मोखाडे ने जड़ा शतक



**बंगलूरू।** सलामी बल्लेबाज अमन मोखाडे के शानदार शतक की मदद से विदर्भ ने कर्नाटक को छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए करुण नायर और कृष्णन श्रीजित के अर्धशतकों की मदद से 49.4 ओवर में 280 रन बनाए। जवाब में विदर्भ के लिए अमन ने 122 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 138 रन बनाए जिससे टीम ने आसानी से मैच जीता। विदर्भ ने 46.2 ओवर में चार विकेट पर 284 रन बनाकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने अर्थव तायडे का विकेट जल्द गंवा दिया था। तायडे 14 गेंदों पर छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अमन ने ध्रुव शोरे के साथ मिलकर पारी को संभाला। अमन और ध्रुव के बीच दूसरे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को अभिलाश शेट्टी ने तोड़ा। ध्रुव अर्धशतक लगाने से चूक गए और 64 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए।

अमन ने फिर रविकुमार समर्थ के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों ने कर्नाटक के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और टीम को जीत के करीब ले गए। इस दौरान अमन ने शतक भी पूरा किया। अमन और रविकुमार की साझेदारी के दम पर विदर्भ ने 250 रनों का आंकड़ा पार कर लिया। विद्याधर पाटिल ने अमन को आउट कर उनकी पारी का अंत किया। अमन और रविकुमार के बीच तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी हुई।

### कर्नाटक की पारी

इससे पहले कर्नाटक की पारी धीमी गति से शुरू हुई। पहले 10 ओवर में सिर्फ 33 रन बने। टीम ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और देवदत्त पडिक्कल को भी खो दिया। फिर करुण और ध्रुव प्रभाकर ने तीसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। प्रभाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन नालकंडे की एक शॉर्ट-पिच गेंद पर पुल शॉट खेला और स्क्वायर लेग पर लपके गए। करुण और केएल श्रीजीत ने चौथे विकेट के लिए 113 रन की भागीदारी निभाई। करुण अपनी टाइमिंग के लिए संघर्ष कर रहे थे। 34 साल के खिलाड़ी ने 73 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। श्रीजीत ने 54 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### नालकंडे की शानदार गेंदबाजी

विदर्भ को सही समय पर ब्रेक मिला, जब नालकंडे ने करुण को आउट किया और छह रन बाद श्रीजीत भी आउट हो गए जिससे कर्नाटक का स्कोर पांच विकेट पर 193 रन हो गया। कर्नाटक के लिए श्रेयस गोपाल (36) और अभिनव मनोहर (26) ने योगदान दिया जिन्होंने छठे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। लेकिन घरेलू टीम ने तेजी से कई विकेट गंवा दिए जिससे उनकी लय बिगड़ गई। विदर्भ के तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (48 रन देकर पांच विकेट) ने कर्नाटक को समेटने में मदद की।

# यूपी वारियर्स ने दर्ज की अपनी पहली जीत मुंबई को हराया, हरलीन का पचासा

**नवी मुंबई।** हरलीन देओल की नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर यूपी वारियर्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरलीन ने 39 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन बनाए जिससे यूपी ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीता।

यूपी वारियर्स की चार मैचों में यह पहली जीत है। उसे अपने पहले तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसने गत चैंपियन मुंबई को हराकर जीत की राह पकड़ी। यूपी की टीम हालांकि, अभी भी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। वहीं, मुंबई की टीम की चार मैचों में यह दूसरी हार है और वह चार अंक लेकर आरसीबी के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है।

यूपी के लिए मेग लैनिंग और नवगिरे पारी की शुरूआत करने उतरे। इन दोनों बल्लेबाजों ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। इस साझेदारी को ब्रंट ने लैनिंग को आउट कर तोड़ा। लैनिंग 26 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुईं। इसके तुरंत बाद ब्रंट ने किरण नवगिरे को भी पवेलियन भेजा।



### हरलीन ने जड़ा अर्धशतक

दो झटके लगने के बाद फोएबे लिचफील्ड और हरलीन देओल ने यूपी की पारी को आगे बढ़ाया। लिचफील्ड और हरलीन ने तीसरे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को अमेलिया केर ने लिचफील्ड को आउट कर तोड़ा। लिचफील्ड 22 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भी हरलीन ने अपनी पारी जारी रखी और अर्धशतक जड़ा। पचासा जड़ने के बाद हरलीन ने रन गति को तेज किया। उनका साथ क्लोए ट्रियोन ने बखूबी निभाया और विस्फोटक बल्लेबाजी की। ट्रियोन 11 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए ब्रंट ने दो विकेट झटके, जबकि अमेलिया केर को एक सफलता मिली।

### कैरी-ब्रंट की साझेदारी

तीन झटके लगने के बाद नताली सिवर ब्रंट और निकोला कैरी ने मुंबई की पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने शानदार साझेदारी की और चौथे विकेट के लिए 85 रन जोड़े। इस दौरान ब्रंट ने अर्धशतक भी पूरा किया। इस साझेदारी को अंतिम ओवर में शिखा पांडे ने ब्रंट को आउट कर तोड़ा। ब्रंट 43 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद सजीवन संजना आखिरी गेंद पर रन आउट हुईं। उन्होंने एक रन बनाए। कैरी 20 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 32 रन बनाकर नाबाद रहीं। यूपी के लिए शिखा पांडे, दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन और आशा शोभना को एक-एक विकेट मिले।

### मुंबई ने किया एक बदलाव

यूपी वारियर्स की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। हरमनप्रीत कौर ने टॉस के दौरान बताया कि हेली को आराम दिया गया है और उनकी जगह नताली को एकादश में जगह मिली।

# अमेरिका के खिलाफ जीत के लिए भारत को बहाना पड़ा पसीना, गेंदबाजों के बाद चमके अभिज्ञान कुंडू

**बुलावायो।** भारतीय अंडर-19 टीम ने विश्व कप में अपने अभियान की विजयी शुरूआत की है। भारत ने बारिश से बाधित मुकाबले में अमेरिका को छह विकेट से हराया। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 107 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने जब भारत उतरा तो मैच में बारिश ने खलल डाली जिस कारण मैच काफी देर तक रुका रहा। मैच दोबारा शुरू होने पर ओवर में कटौती की गई। भारत को 37 ओवर में 96 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। भारत ने 17.2 ओवर में चार विकेट पर 99 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। भारत ने विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का विकेट जल्द गंवा दिया। वैभव दो रन बनाकर आउट हुए। वैभव के आउट होने के बाद बारिश ने मैच में बाधा डाली। पहले खराब रोशनी के कारण मैच को रोकना पड़ा और फिर बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू होने में देरी हुई। मैच शुरू होने पर भारत ने जल्द ही वेदांत त्रिवेदी का विकेट गंवा दिया जो दो रन बनाकर आउट हुए। फिर कप्तान आयुष म्हात्रे भी 19 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हो गए। भारत ने इस तरह 25 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे और टीम मुश्किल स्थिति में दिख रही थी। फिर विहान मल्होत्रा ने विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 45 रनों की साझेदारी हुई जिससे टीम का स्कोर 70 रन पहुंचा।




# शुक्रवार, 16 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन उत्तम रहेगा। आपकी राशि के स्वामी मंगल आज मेष राशि में आकर राजयोग बना रहे हैं जिसका लाभ आपको आज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त होगा। आपको आज भाग्य आर्थिक लाभ प्रदान करेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन अच्छा है। आज आपकी राशि के स्वामी त्रिग्रह योग बना रहे हैं जो आपके लिए शुभ लाभदायक रहेगा। आपको आज बिजनेस में उम्मीद से बढ़कर लाभ मिलेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आज चंद्रमा आपकी राशि से सप्तम भाव में गोचर करते हुए गजकेसरी योग बना रहा है जिससे आपकी रुचि आज धर्म अध्यात्म में रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अपना काम समय से पूरा कर पाएंगे।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन चंद्रमा और मंगल के गोचर से शुभ रहने वाला है। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र में तकनीकी ज्ञान का अनुभव मिलेगा। आपके विरोधी आज मन ही मन आपकी सफलता से जलेंगे लेकिन आपका अहित नहीं कर पाएंगे।

आज शुक्रवार का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए सामान्य कहा जा सकता है। चंद्रमा का गोचर राशि से पंचम भाव में होने से आज आप अपनी कार्ययोजना को सही दिशा में लागू कर पाएंगे जिसका आपको फायदा मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ और सुखद रहेगा। आप आज बेहतर समय प्रबंधन का लाभ ले पाएंगे। बिजनेस में आपको आज आर्थिक लाभ मिल पाएगा। आपके सितारे बताते हैं कि आज आप कुछ नया काम भी शुरू कर सकते हैं।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल कहा जा सकता है। वैसे आज आपको जोखिम वाले काम और निवेश से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है। महिला साथी सहकर्मियों से आपको आज वाद विवाद में उलझने से बचना चाहिए।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। आज राशि से दूसरे भाव में चंद्रमा का गोचर हो रहा है जबकि राशि स्वामी मंगल आज राशि से तीसरे भाव में संचार करते हुए आपका मनोबल और साहस बढ़ा रहे हैं।

आज धनु राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आपकी कोई उलझन आज सुलझ सकती है। आपकी राशि में चंद्रमा का गोचर होने से आपको आज बुद्धि और तकनीकी ज्ञान का लाभ मिलेगा। आपके लिए भाग्य आज एक से अधिक स्रोत से लाभ का संयोग बना रहा है।

मकर राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन उत्साहवर्धक और लाभदायक भी रहेगा। आपकी राशि में आज मंगल का गोचर होने से रूचक राजयोग बना है जो आपको विविध प्रकार से लाभ प्रदान करेगा। आपको आज भाग्य सरकारी क्षेत्र में भी सफल बनाएगा।

आज का दिन कुंभ राशि के लोगों के लिए मानसिक उलझन और तनाव भरा रहेगाा। आपके मित्रों का व्यवहार भी आज प्रतिकूल रह सकता है। आपके लिए आज जरूरी है कि अपने काम पर फोकस बनाए रखें और दूसरों के मामलों से आज दूरी रखें।

मीन राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में भाग्य लाभ प्रदान करेगा। नौकरी में आपका दिन आज अनुकूल बीतेगा। आपको आज अपने पेंडिंग काम के भी निपटाने का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र


# भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा

## लोहमंडी से जीवनी मंडी तक श्याम नाम की गूंज, नंगे पांव चले सैकड़ों श्रद्धालु



एनएनआई

**आगरा।** हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे के जयघोष के साथ ताज नगरी में श्री खाटू श्याम जी की भव्य एवं दिव्य निशान यात्रा आस्था, श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न हुई। गुरुवार को श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम महिला मित्र मंडल, लोहामंडी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत इस भव्य निशान यात्रा से हुई, जो लोहमंडी से जीवनी मंडी स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर तक निकाली गई।

निशान यात्रा की अगुवाई गणेश की सवारी ने की। इसके पश्चात सालासर बालाजी, कैला मैया, महाकाल की सवारी एवं श्री खाटू नरेश का फूल बंगले से सजा भव्य डोला पर तोप से पुष्प वर्षा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजों की भक्तिमय धुनों और श्याम नाम के जयकारों से संपूर्ण मार्ग भक्तिरस में डूबा रहा।

निशान यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पांव, हाथों में निशान और सिर पर चांदी का छत्र लिए, श्याम प्रभु की महिमा का गुणगान करते हुए शामिल हुए। श्वेत हरे और पीले वस्त्रों में सजे भक्त श्याम बाबा की जय और हारे के सहारे की जयह्व के उद्घोष के साथ कदमताल करते नजर आए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर महामंत्री अमित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने निशान यात्रा को श्रद्धा, अनुशासन और संगठनात्मक एकता का प्रतीक बताया। मीडिया प्रभारी अखिल अग्रवाल ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु पूर्ण व्यवस्थाएं की गईं तथा सेवाभावी कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह सेवा कार्य संपन्न हुए। इस अवसर पर पार्षद अर्चना लवानिया, पार्षद हेमंत प्रजापति और विक्रांत कुशवाह, सियाराम विकास गुप्ता, श्री श्याम महिला मित्र मंडल अध्यक्ष पूजा राधे अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, इंद्र खंडेलवाल, मनीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रदीप जैन, मोहित अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, आंचल, प्रिया, आशी, गुंजन, प्रियंका, प्रीति, नेहा, अनीता जैन, पूजा अग्रवाल, विजय सोनी, अनुज गुप्ता, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ श्री शांतिनाथ महामंडल विधान

एनएनआई



**आगरा।** बोदला स्थित अवधपुरी के पदमप्रभु जिनालय में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पदमप्रभु जिनालय परिवार के तत्वावधान में गुरुवार को प्रातःकाल शांतिनाथ महामंडल विधान श्रद्धा, भक्ति एवं विधि-विधान के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ।

सुबह सात बजे प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में साधर्मी बंधु-भगिनी एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।विधान के पुण्य लाभार्थी रविंद्र जैन एवं रीता जैन रहे। समस्त मांगलिक क्रियाएं पंडित विवेक जैन शास्त्री के कुशल आचार्यत्व में संपन्न कराई गईं।विधान के दौरान शांतिधारा, मंत्रोच्चार एवं विशेष पूजन विधियों से संपूर्ण जिनालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठोविधान के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री शांतिनाथ भगवान की मंगल आरती की,जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति,श्रद्धा एवं आनंद से सराबोर हो गया।आयोजन के अंत में श्री पदमप्रभु जिनालय परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर इंद्रप्रकाश जैन,प्रवीन कुमार जैन जय कुमार जैन,ओम प्रकाश जैन नरेंद्र कुमार जैन,अनिल जैन,मीडिया प्रभारी शुभम जैन,अमित जैन,रागिनी जैन,करुणा जैन,रश्मि जैन,कविता जैन,पुष्पा जैन,बीना जैन,अंजू जैन,रंजना जैन,सहित समस्त अवधपुरी जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गुदड़ी मंसूर खाँ जैन मंदिर में शीतलनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव

**आगरा (एनएनआई)।** प्राचीन श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर, गुदड़ी मंसूर खाँ में गुरुवार को दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर श्रद्धा व भक्ति के साथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। विधानाचार्य पं. रविंद्र जैन एवं पं. सौरभ जैन शास्त्री ने विधिवत विधान संपन्न कराया। प्रातः भगवान शीतलनाथ की शांतिधारा एवं अभिषेक का सौभाग्य नायक परिवार को प्राप्त हुआ। आयोजन में अहिंसा, संयम व तपस्या के संदेश दिए गए। सृजन दर्शन मित्र मंडल के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे। समापन पर विश्व शांति व समाज कल्याण की कामना की गई। इस मौके पर सुभाष जैन, राकेश जैन (पार्षद),वीरेंद्र जैन, प्रमोद जैन,रविंद्र जैन,विपिन जैन,राकेश जैन,अभिषेक जैन,विमल जैन,सुधांशु जैन, जितेंद्र जैन, प्रवेश जैन,संजीव जैन चांदी वाले,सहित सुशीला जैन,कुसुम जैन, सुनीता जैन,अल्पना जैन,कांता जैन, मंजुला जैन, स्नेहलता जैन एवं बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



